हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 18 जुलाई 2024

04 नहीं हुई सफाई तो पार्षद ने वार्ड में झाड़ू लगाई, गोबर...




08 संभागीय विधायकों की बैठक में 100 करोड़ के...





### पर्यटकों के लिए हिल स्टेशन पचमढ़ी में बारिश का नजारा रहा सुहावन

# झमाझम बारिश से नर्मदांचल हुआ तरबतर, उमस भरी गर्मी से मिली राहत



नर्मदापुरम जिले की एकामात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में बुधवार को हुई बारिश पर्यटकों के लिए सुहावन नजर आई। प्रसिद्ध जटाशंकर मंदिर में भारी बारिश से जलमग्न हुआ भोले बाबा का मंदिर। मंदिर के दोनों तरफ खड़ी चट्टानों से गिरते हुए दिखे बरसाती झरने। इस अद्भुत नजारे ने सबका मन मोह लिया। मौसम विभाग द्वारा जारी की गई जानकारी अनुसार आने वाले सप्ताह भर अच्छी बारिश होने की संभावना है।





**झमाझम बारिश के बाद नर्मदापुरम के सेठानी घाट पर नर्मदा का जल स्तर 934.10 फीट पर दर्ज किया गया।**

### जिले में अब तक औसत वर्षा 238.7 मिमी वर्षा दर्ज

| | | |
|---|---|---|
| नर्मदापुरम | वर्ष 2023 की वर्षा मि.मी. में | 380.2 |
| | वर्ष 2024 में | 206.7 |
| सिवनीमालवा | वर्ष 2023 की वर्षा मि.मी. में | 219.0 |
| | न्यूनतम | 164.0 |
| इटारसी | वर्ष 2023 की वर्षा मि.मी. में | 179.6 |
| | न्यूनतम | 247.6 |
| माखननगर | वर्ष 2023 की वर्षा मि.मी. में | 236.0 |
| | न्यूनतम | 113.0 |
| सोहागपुर | वर्ष 2023 की वर्षा मि.मी. में | 304.6 |
| | न्यूनतम | 245.4 |
| पिपरिया | वर्ष 2023 की वर्षा मि.मी. में | 432.6 |
| | न्यूनतम | 312.3 |
| बनखेड़ी | वर्ष 2023 की वर्षा मि.मी. में | 297.7 |
| | न्यूनतम | 272.4 |
| पचमढ़ी | वर्ष 2023 की वर्षा मि.मी. में | 511.4 |
| | न्यूनतम | 365.6 |
| डोलरिया | वर्ष 2023 की वर्षा मि.मी. में | 230.0 |
| | न्यूनतम | 221.5 |



### जल भराव की स्थिति का जायजा लिया

नर्मदापुरम। बारिश के बाद नगर में जल भराव की स्थिति का जायजा लेने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट रामवन चिरामन, तहसीलदार शिवशंकर धुर्वे और मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा निरीक्षण किया गया। जहां जहां जल भराव स्थिति बनी है वे स्थान चिह्नित किए गए हैं। साथ ही नाले नालियों पर किए गए अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### जलाशयों की वर्तमान जलस्तर की स्थिति

अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया कि वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 934.10 फीट है, तवा जलाशय का 1123.70 फीट है, बरगी जलाशय का 412.90 मीटर एवं बारना जलाशय 342.78 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में बुधवार की शाम अचानक हुई झमाझम बारिश से एक ओर जहां नागरिकों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है तो वहीं नालों का बैकवॉटर रिहायशी क्षेत्रों में आने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

शहर के जयस्तंभ चौक पर स्थिति यह रही कि अचानक हुई बारिश का पानी हलवाई चौक स्थित दुकानों में घुसने लगा वहीं लोगों को आवाजाही में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसी तरह एसएनजी स्कूल के सामने व्हीआईपी मार्ग, ग्वालटोली और शहर को जोड़ने वाली रेलवे पुलिया में करीब 2 फीट पानी जमा होने से लोग परेशान नजर आए। वहीं अन्य निचले क्षेत्रों में भी बारिश का पानी भर जाने से लोग परेशान रहे।

### अचानक हुई झमाझम बारिश से निचले क्षेत्रों में भरा पानी

बुधवार को जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण अचंलों में शाम को अचानक काले बादलों और हवा के साथ बरसे बदरा लोगों के लिए परेशानी का सबब बने। दरअसल जिला मुख्यालय के निचले क्षेत्रों में नगर पालिका परिषद द्वारा छोटे बड़े नालों की साफ सफाई और पानी निकासी के कार्यों की पोल खुल गई। एक ओर जहां जयस्तंभ चौक पर पानी निकासी नहीं होने के कारण बारिश का पानी दुकानों में भर गया। तो वहीं संजय नगर, ग्वालटोली, आदमगढ़, सहित अन्य क्षेत्रों में भी यही स्थिति रही। ग्रामीण अंचलों में भी बारिश का पानी सड़क पर लबालब भर गया। ग्राम डोंगरवाड़ा, टिगरिया, के नर्मदा तटों पर पानी अधिक होने के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### बिजली गिरी, एक की मौत एक घायल

इटारसी। क्षेत्र में मानसूनी बादलों की तेज दस्तक के साथ बुधवार को कहर बनकर गिरी बिजली ने खेत में धान लगा रही एक महिला मजदूर की जिंदगी लील ली, वहीं एक अन्य महिला गंभीर घायल हैं। हादसा इटारसी के समीप ग्राम तीखड़ के पास का है। जहाँ खेत में करीब एक दर्जन से अधिक मजदूर धान के रोपे लगा रहे थे। तभी आकाशीय बिजली गिरी। जिसमें एक महिला कि मौत और एक अन्य घायल हो गई। घायल महिला का इलाज शासकीय अस्पताल में जारी है। बताया जा रहा है कि तीखड़ के किसान कृष्ण कुमार चौधरी के खेत में धान के लिए 12 मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी। जिसकी चपेट में आने से सेवंती पिता रंगीलाल लवीसकार 18 वर्ष पिपरिया खुर्द की मौके पर मौत हो गई और सविता पिता शिवचरण कमले 28 साल निवासी टांगना गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर केसला पुलिस पहुंची।

### मगरमच्छ को लेकर नगरपालिका प्रशासन अलर्ट, घाट पर एतिहातन के तौर पर नपा की टीम तैनात

स्थानीय विधायक डॉ सीताशरण शर्मा के निर्देश पर नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के मार्गदर्शन में मां नर्मदा के किनारे मगरमच्छ होने की सूचना पर नगरपालिका द्वारा नगर के सभी घाटों पर नागरिकों की सुरक्षा हेतु टीम तैनात कर दी गई है। साथ ही घाटों पर लगे माइक के माध्यम से भी उद्घोषणा कर मां नर्मदा के घाटों पर श्रद्धालुओं को न जाने की हिदायत दी जा रही है। सभी श्रद्धालुगणों से आग्रह किया गया है वे मां नर्मदा के घाटों पर जाने से पूर्व सावधानी बरते तथा प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें। नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने इस संबंध में नागरिकों से अपील



की है कि मां नर्मदा में मगरमच्छ देखा गया है। सभी नागरिकों, श्रद्धालुगणों से आग्रह किया है वे सावधानी बरतें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देश का पालन करें।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा बताया गया कि कलेक्टर के निर्देश पर घाटों पर नागरिकों की सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। मां नर्मदा से मगरमच्छ का रेस्क्यू करने के लिए स्थानीय वन विभाग और चंबल स्थित सेंचुरी चंबल रिवर पालीघाट भी संपर्क किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से कहा कि घाटों पर जाने से पूर्व सावधानी अवश्य बरतें।

# मूंग खरीदी में गड़बड़ी, केंद्रों के 17 सर्वेयर और 1 सुपरवाइजर को हटाया

### गुणवत्ता जांचने में लापरवाही पर लिया एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिले में समर्थन मूल्य मूंग खरीदी में गड़बड़ी की जा रही है। उपार्जन केंद्रों पर सर्वेयर अनियमितता व मूंग की गुणवत्ता जांचने में लापरवाही बरत रहे हैं। सर्वेयर मिलीभगत कर खराब मूंग भी खरीद शासन को राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे है। उपार्जन अधिकारियों के जिले में बनाए गए केंद्रों पर निरीक्षण के दौरान सर्वेयरों की यह लापरवाही उजागर हुई है। इसके बाद 17 सर्वेयरों व एक सुपरवाइजर को केंद्रों से हटाने की कार्रवाई की गई है।

जिला विपणन अधिकारी दैवेंद्र यादव ने बताया कि जिले में उपार्जन केन्द्रों पर मूंग की गुणवत्ता जांचने के लिए नेफेड द्वारा नियुक्त सर्वेयर, सुपरवाइजर एजेंसी इनव्यौन आईटी इनोवेशन के सर्वेयर व सुपरवाइजर रखे गए हैं, लेकिन सर्वेयरों के द्वारा गुणवत्ता जांच में देरी व अनियमित्ता की जा रही हैं। इसलिए हटाने की कार्रवाई की गई है। 7 दिनों में 17सर्वेयर और एक सुपरवाइजर को हटाया गया है।

#### सुपरवाइजर को हटाया

सर्वेयर कौशल पटेल, कपिल डांगी, विजय कर्मी, मयंक बिटले, आयुष शुक्ला, पृथ्वी चौहान, शिवम कुमार उमरिया, पंकज कुर्मी, निकुंज बिहारी, आकाश प्रजापति, शरद यादव, सुनील कुमार त्रिवेदी, लीलाधर पटेल एवं अभिषेक दावंदे, अर्जुन कर्मी, अशोक कुमार पटेल, बबलन पटेल एवं सुपरवाइजर शैलेन्द्र सिहं दांगी को कार्यस्थल पर समय पर उपस्थित नहीं होने, कार्य में अनियमिता एवं कार्य में विलंब समय पर हैंडलिंग चालान की गुणवत्ता जांच समय पर न करने एवं एफएक्यू मापदंड अनुसार खरीदी न करने पर काम से अलग किया गया है।

# दुष्कर्मी पिता की मां ने की शिकायत, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलयुगी पिता ने अपनी ही दो जुड़वा नाबालिग बेटियों के साथ दुष्कर्म कर रिश्तों को तारतार कर दिया। दरअसल शहर के कोतवाली में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई कि वह बेटियों के साथ दुष्कर्म कर रहा था। कोतवाली पुलिस ने महिला की शिकायत पर दुष्कर्मी पिता के खिलाफ पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां न्यायाधीशों द्वारा आरोपी को जेल भेज दिया गया। एसडीओपी पराग सैनी ने बताया कि आरोपी पिता अपनी 15 वर्षीय जुड़वा बेटियों के साथ दुष्कर्म कर रहा था। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की गई है। पुलिस के मुताबिक पीड़िताओं ने अपने साथ हो रहे दुष्कर्म की आपबीती अपनी मां को बताई। सुनते ही मां के होश हवास उड़ गए।

मां ने कोतवाली पहुंचकर बेटियों द्वारा बताई गई जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस ने मां की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी नशे का आदि है और मां मजदूरी का काम करती है।

### हिंदू महासभा ने किया विधायक का स्वागत



**नर्मदापुरम।** अखिल भारत हिंदू महासभा द्वारा नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा का स्वागत अभिनंदन नर्मदापुरम कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश कार्यालय सदस्यता प्रभारी डॉ. प्रताप सिंह वर्मा ने शाल श्री फल समर्पित कर स्वातंत्र्य वीर सावरकर का तेल चित्र प्रदान किया। प्रदेश सह सदस्यता प्रभारी प्रमोद शर्मा ने हिंदू महासभा स्मृतिचिन्ह के साथ माल्यार्पण किया।

### बटुकों का हुआ उपनयन संस्कार



**नर्मदापुरम।** ऋषिकुल संस्कृत विधालय नर्मदापुरम में बुधवार को 18 वटुक ब्रह्मणो का उपनयन संस्कार हुआ। आचार्य रोहित तिवारी एवं आचार्य राकेश शर्मा द्वारा यह कार्यक्रम संपन्न हुआ जो प्रतिवर्ष ऋषिकुल न्याष की तरफ़ से पूर्व विधायक गिरजाशंकर शर्मा की प्रेणना से सम्पन्न होता है।

# कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर निकाली गई रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सपाक्स संस्था जिला इकाई नर्मदापुरम ने मंगलवार को पीपल चौक मुख्य पोस्ट आफिस के सामने एकत्रित होकर कर्मचारियों, अधिकारियों की 2016 से रूकी पदोन्नति 2005 से बन्द पुरानी पेंशन वेतन विसंगति भृत्य का पद नाम कार्यालय सहायक किये जाने तृतीय वर्ग एवं चतुर्थ वर्ग के अधिकारी, कर्मचारियों को योग्यता के आधार पर उच्च पद का प्रभार सौंपे जाने सेवानिवृत एवं सेवारत कर्मचारियों अधिकारियों को केन्द्र के समान एक साथ महंगाई भत्ता दिये जाने तथा मंत्रालयीन कर्मचारियों के समान प्रदेश के सभी कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ दिये जाने आदि मांगो को लेकर पीपल चौक से रैली के रूप में नारे लगाते हुए कलेक्टर कार्यालय के मुख्य गेट पर तहसीलदार नर्मदापुरम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौबे, सहायक कोषालय अधिकारी संस्थापक सदस्य के एस राजपूत, सेवानिवृत स्पीक संस्था के जिलाध्यक्ष के के शर्मा, अनुविभाग अध्यक्ष इटारसी विजय द्विवेदी आदि शामिल रहे।

### जिले में इमाम हुसैन शहादत में मना मातम

# जिले भर में निकले ताजिये

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुस्लिम समुदाय ने नगर में ताजिये निकले गए, जो मुख्य मार्ग से होते हुए कलेक्टेड रोड टेलीफोन एक्सचेंज चौराहा बड़ी सवारी से होते हुए लैंडिया बाजार पहुंचा। टेलीफोन एक्सचेंज चौराहे पर युवाओं ने शरबत पिलाया और स्वागत किया एवं अखाड़ों का प्रदर्शन भी किया गया। जिसमें युवाओं ने बाद में इसका हिस्सा लिया। स्वागत करने वालो में फैजान उल हक, इमरान उल हक, इरफान उल हक, इजाज उल हक, मेराज उल हक, शाहनवाश, मोइन, सादाब उल हक, वकार, ज़िया, फरहान फ़ाज़ली शामिल रहे। वहीं बुधवार की देररात तक ताजिए निकालने का सिलसिला जारी रहा। जिसमें सभी समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया।



### समेरिटन्स के छात्र लक्ष्य फायरिंग स्पर्धा में चयनित

**नर्मदापुरम।** 13 एमपी बटालियन से



संबद्ध समेरिटंस हायर सेकंडरी स्कूल नर्मदापुरम के एनसीसी कैडेट लक्ष्य भार्गव ने भोपाल ग्रुप में आयोजित फायरिंग कंप्टीशन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब वह डायरेक्टेड स्तर की फायरिंग कंप्टीशन के लिए रायपुर जायेगा।उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पहले स्कूल स्तर उसके बाद बटालियन स्तर फिर ग्रुप स्तर की प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमे सभी में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसकी इस उपलब्धि पर संस्था के डा आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, एनसीसी मेनेजर प्रदीप यादव, एसोसिएट एनसीसी आफिसर टीओ विजय प्रकाश श्रीवास्तव ने एवम सभी संस्था स्टाफ एवं एनसीसी केडिट्स ने उन्हें बधाई दी एवं आगे भी सफल होने के लिए शुभकामनाए दी।

# मनोज दुबे लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में हुए दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



पचमढ़ी सतपुडा की रानी, प्रदेश का गौरव, भगवान शिव की मनोरम नगरी पचमढ़ी के वरिष्ठ लेखक एवं सीनियर जर्नलिस्ट मनोज दुबे को पत्रकारिता और लेखन क्षेत्र में अग्रणी भूमिका के चलते उन्हें लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज किया गया। 2024 का यह वर्ल्ड रिकॉर्ड मनोज दुबे सीनियर जर्नलिस्ट के खाते में गया। उक्त आशय की घोषणा लंदन बुक आंफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के इंटरनेशनल चेयरपर्सन अविनाश डी.सांकुन्दे एवं डां.इवान केकीना यूरोपियन हेड रिपब्लिक क्रोटिया लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा की गई है यह सम्मान उन्हें आंनद लाइन प्रदान किया गया। मनोज दुबे लगभग 40,42 - वर्षों से लेखन कार्यों में अग्रणी एवं पत्रकारिता के उच्च मापदंडों के अनुरूप पत्रकारिता में संलग्न रहकर अपनी बेबाक टिप्पणियों निर्भीक और निष्पक्ष खबरों संपादकीय पृष्ठों पर अपनी बेबाकी से समाचार पत्रों में खूब लिखते आये है। उन्होंने पचमढ़ी पर्यटक और धार्मिक स्थल की हो रही दुर्दशा और सरकार की उपेक्षा नहीं हुआ पचमढ़ी का विकास कलम उठाई और देश के नामी अखबार में बेबाकी से पहल और पहुंच की मोहताज पंचमढ़ी नामक सीरियल लिखा जो धारावाहिक समाचार पत्र के मुख पत्र पर प्रकाशित हुआ परन्तु खेद है, आज भी पचमढ़ी जिस धार्मिक स्थल के रुप में अपनी पहचान बनाये महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश सहित अनेक राज्यों की आस्था का केंद्र रही है। दुबे की इस उपलब्धि पर जिले के पत्रकारों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप

### मोहर्रम पर लंगर और शरबत का वितरण

**बैतूल।** लल्ली चौक नगर पालिका लाइन व्यापारी संघ द्वारा माहे मोहर्रम की दस तारीख को लंगर और शरबत वितरण का आयोजन किया गया। जहां हजारों की संख्या में लोगो ने लंगर और शरबत पाया। बताया जा रहा है कि नपा लाइन के व्यापारी संघ द्वारा प्रतिवर्ष हजरत इमाम हुसैन की याद में लंगर बांटा जाता है साथ ही सभी आने जाने वाले लोगो को बैठा कर लंगर खिलाया जाता है। व्यापारी संघ के महफूज, अप्पू भाई, सोयब, लक्की, इकबाल , शहजाद आदि के द्वारा आयोजन किया जा रहा है।

### युवक से मारपीट कर 25 हजार लूटे

**शाहपुर।** पाथाखेड़ा के पास शाम करीब 6 बजे बकरा बेचकर आ रहे एक युवक से दो लोगों ने मारपीट की एवं 25 हजार रुपए लूट कर फरार हो गए। घायल युवक को घोड़ाडोंगरी अस्पताल लाया गया। जहां पर युवक का प्राथमिक उपचार किया गया। घायल युवक शाहपुर निवासी मोहम्मद आसिफ कुरेशी ने बताया कि सारनी से बकरा बेचकर लौट रहा था। पाथाखेड़ा के पास मेरी बाइक को टक्कर मारकर मारपीट करनी शुरू कर दी। 25 हजार रुपए नकद और बाइक की चाबी लूटकर भाग गए। पाथाखेड़ा पुलिस चौकी में मामले की शिकायत की। जिसके बाद पुलिस द्वारा घोड़ाडोंगरी अस्पताल उपचार के लिए लाया गया। उपचार के बाद थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई ।

### बाइक पर बिजली गिरने से महिला की मौत

**बैतूल।** बाइक पर सवार होकर खेत से घर लौट रहे एक दंपती की बाइक पर आकाशीय बिजली गिर गई जिससे पत्नी की मौत हो गई वहीं पति घायल हो गया। घटना शाहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कछार की है। शाहपुर टीआई जयपाल इवनाती ने बताया कि ग्रामीण हरि सिंह पत्नी कस्तूरी के साथ बाइक से खेत से घर लौट रहा था। बीच बारिश शुरू हो गई। चलती बाइक पर बिजली गिरी और पति-पत्नी बाइक से गिरकर बेहोश हो गए। पति को कुछ देर बाद होश आया तो पत्नी मृत थी। पति ने बताया कि फसल में खाद डालने गए थे। हमारे दो बच्चे हैं।

### कन्या व बालक छात्रावास में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**बैतूल।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास बैतूल एवं पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास हमलापुर में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए छात्रावासों की रिक्त सीटों पर प्रवेश 15 जुलाई से प्रारंभ है। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण के सहायक संचालक ने बताया कि पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास हमलापुर बैतूल में 100 सीटों के विरुद्ध रिक्त 35 सीट एवं पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास बैतूल में 50 सीटों के विरुद्ध रिक्त 8 सीटों पर प्रवेश दिया जाना है। बालक एवं कन्या छात्रावास अधीक्षक, अधीक्षिका के कार्यालय से 30 जुलाई तक आवेदन पत्र प्राप्त किए जा सकते है। चयन समिति की अनुशंसा से मेरिट के आधार पर चयन व प्रतिक्षा सूची छात्रावास नियमावली अनुसार 15 अगस्त तक छात्रावासों में चस्पा की जाएगी।

### आवारा कुत्ते ने बच्चे को घर के सामने काटा

**बैतूल।** नगरपालिका अध्यक्ष के वार्ड में ही बुधवार को एक आवारा कुत्ते के हमले से एक बच्चे की जान तक को खतरा हो चुका है। मुहर्रम के अवकाश के दिन दोपहर मे जब 12 साल का बालक रूद्र चन्द्रशेखर वार्ड स्थित अपने घर के सामने घूम रहा था तभी एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला किया। बच्चे के चीखने की आवाज सुनकर लोग जब तक घर से बाहर निकले, तब तक कुत्ता बच्चे को काट चुका था। खबर करने के बाद भी न तो कोई नपा का अमला आया और न ही बच्चे को इलाज आदि के लिए कोई सहायता मिली।

### गायत्री परिवार ने वितरित किए औषधीय पौधे

**बैतूल।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा जिले में निरंतर वृक्ष गंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत सोनाघाटी में गायत्री परिवार के संतोष यादव के गृह प्रवेश कार्यक्रम में फलदार एवं औषधीय पौधों का वितरण किया गया।

---

प्रतिवर्ष साफ सफाई पर दो करोड़ खर्च फिर भी हालत खराब

# नहीं हुई सफाई तो पार्षद ने वार्ड में झाड़ू लगाई, गोबर उठाया, कचरा गाड़ी चलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

भारतीय जनता पार्टी शासित नगर पालिका परिषद सारनी में वीर विष्णु सिंह गोंड वार्ड क्रमांक 30 की भाजपा पार्षद रेखा मोहनलाल मायवाड़ ने साफ सफाई न होने के कारण नगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग से नाराज होकर अपने वार्ड में स्वयं साफ सफाई करने का कार्य किया है। उन्होंने वार्ड में झाड़ू लगाने के अलावा गोबर उठाकर कचरा गाड़ी में डालकर कचरा घर तक पहुंचाई। इसकी जानकारी नगर पालिका परिषद के स्वास्थ्य महकमे को लगते ही आनन फानन में सफाई कर्मचारियों के साथ वार्ड में सामूहिक रूप से साफ सफाई की गई है। अब सवाल यह उठता है कि नगर पालिका परिषद ने 32 कैम्पर और लगभग 50 लाख रुपए की लागत से वार्डो से कचरा उठाने का कार्य ठेकेदार को सौंपा है, ढाई सौ से अधिक सफाई कर्मी कार्य कर रहे हैं उसके बाद भी वार्डों में नियमित सफाई न होना चौक चौराहे पर गंदगी का पड़े होना नगर पालिका परिषद सारनी के स्वास्थ्य महक में की स्वच्छता की पोल खोलते दिखाई दे रही है। पार्षद रेखा मोहनलाल मायवाड़ के माध्यम से यदि उनके वार्ड में साफ सफाई नहीं की जाती तो उनके वार्ड में स्वास्थ्य महकमा इस तरह सामूहिक साफ सफाई का कार्य नहीं करता।





#### आखिर करोड़ों खर्च होने के बाद शहर में गंदगी क्यों

बैतूल जिले की सबसे बड़ी नगर पालिका जिसका वार्षिक बजट लगभग 68 करोड़ रुपए के आसपास है जिसमें स्वच्छता मिशन पर प्रतिवर्ष करोड़ों की राशि खर्च करने का कार्य करती है 32 कैंपर के जरिए 36 वार्डो से कचरा उठाने का कार्य दिन में दो बार होता है 32 वाहनों पर 64 कर्मचारी नियमित काम करते हैं इसके अलावा नगर पालिका के अंतर्गत आने वाले सारनी पाथाखेड़ा शोभापुर और बगडोना की कॉलोनी की साफ सफाई का जिम्मा भी है। जबकि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी और वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड अपनी कॉलोनियों की साफ सफाई करने का कार्य करती है। इसके बाद भी शहर सुंदर नहीं है।

#### इनका कहना है

कुछ मिस स्टैंडिंग होने की वजह से पार्षद ने साफ सफाई की थी, लेकिन तत्काल प्रभाव के साथ नगर पालिका के साफ सफाई कर्मियों ने जाकर वार्ड में सफाई की है।
**कमल किशोर भावसार**, स्वास्थ्य निरीक्षक नगर पालिका परिषद सारनी

---

भवन की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

## उपस्वास्थ्य केंद्र निर्माण में लापरवाही, अमले पर संदेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में लाखों की लागत से बन रहे भवन में गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। ठेकेदार को अपनी मनमर्जी से कार्य करने की खुली छूट मिलती दिख रही हैं। एनएचएम के द्वारा बनाए जा रहे बिल्डिंग में मानकों को दर किनार कर कार्य किए जाने कि जानकारी सामने आ रही हैं। बिल्डिंग के लेंटर में छड़ो कि दूरी में फाल्ट होने कि बात जानकर कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार एक छड़ से दूसरी छड़ कि दूरी ज्यादा दिखाई दे रही है! जबकि फर्स्ट फ्लोर के लेंटर के छत में भी इसी तरह का कार्य किया गया है। वहीं लेंटर में जंग लगी सरिया का भी उपयोग किया जा रहा हैं। जंग लगी सरिया लगाने से इसके जानकर बताते है कि जो मजबूती लोहे में आना चाहिए वो जंग लगी सरिया में नहीं रहती है। इस तरह की लोहे की छड़ शासकीय एप्रूव्ड है या नहीं। जो लोहा व ईंट बिल्डिंग निर्माण में उपयोग कर रहे हैं, उसके उपयोग के पूर्व लेब टेस्ट मटेरियल की गुणवत्ता के लिए किया या नहीं यह भी एक सवाल अब निर्माण करने वाले जिम्मेदारों पर खड़े हो रहे हैं। जब इस पूरे मामले



को लेकर इंजीनियर संजय धुर्वे से चर्चा की तो वे भी एक छड़ से दूसरी छड़ कि दूरी क्या होनी हैं। इसको लेकर स्पष्ट नहीं बता पाए और ड्राइंग डिज़ाइन को देखकर बताने की बात कहकर एकदम से काल कट कर दिया।दुबारा काल करने पर उनके द्वारा काल तो रिसीव किया पर बिजी हु बाद में लगाता हु कहकर काल रख दिया। खबर लिखे जाने के पहले भी इंजीनियर को काल किया तो रिंग जाने के बाद काल काट दिया। इससे मतलब साफ है कि जिसके जिम्मे जिम्मेदारी है वे जानकरी देने से बच रहे हैं।

#### इनका कहना है

लोहे की एक दूसरे से छड़ों की दूरी ड्राइंग डिज़ाइन देखकर बता पाऊंगा।
**संजय धुर्वे,** इंजीनियर एनएचएम बैतूल

---

श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन

## प्रथम पुण्यतिथि पर दिवंगत पूर्व पार्षद को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

जब कोई अपना बिछड़ता है तो उसकी पीड़ा कभी खत्म नहीं होती उसकी यादें हमेशा स्मरण में रहती है यह बात झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रजीत सिंह ने पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड क्रमांक 14 के दिवंगत पार्षद मनोज ठाकुर के प्रथम पुण्यतिथि स्मरण अवसर पर संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बाबा मठारदेव वृद्ध आश्रम पहुंचकर उपस्थित बुजुर्गों को भोजन करने के अलावा दिवंगत पूर्व पार्षद मनोज ठाकुर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करके भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्य किया गया। इसमें परिजनों के साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि पार्षदगण उपस्थित थे। सिंह ने कहा कि मनोज ठाकुर के देहावसान को एक वर्ष पूर्ण हुए लेकिन मनोज ठाकुर की स्मृतियां स्मृति पटल पर इस तरह से अंकित है कि मनोज आज भी हमारे बीच उपस्थित है। नपाध्यक्ष किशोर बरदे ने श्रद्धांजली अर्पित करते हुए कहा कि मनोज ठाकुर भारतीय जनता पार्टी का जांबाज योद्धा थे जिसने हर सम-विषम परिस्थितियो में भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने का काम किया ।



---

वन व पर्यावरण राज्यमंत्री पहुंचे बैतूल

## एक पेड़, एक नई उम्मीद अभियान में किया पौधरोपण



**बैतूल।** पूर्व सुधार न्यास अध्यक्ष एवं कर सलाहकार राजीव खंडेलवाल एवं युवा भाजपा नेता व कर सलाहकार योगी राजीव खंडेलवाल के निज निवास पर मप्र शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार पधारे। इस अवसर पर स्वर्गीय जीडी. खंडेलवाल मेमोरियल ट्रस्ट, बैतूल के अभियान ह्यह्यएक पेड़, एक नई उम्मीदह्लह्ल में सहभागिता करते हुए उनके द्वारा निवास पर वृक्षारोपण भी किया गया। ज्ञात रहे ट्रस्ट द्वारा इस अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर विगत दिनों में वृक्षारोपण किया गया है। दिलीप अहिरवार ने अमरूद का पौधा रोपा व उसके बाद उन्होंने कहा इसके अमरूद खाने फिर आऊंगा। इस अवसर पर अखिलेश मालवी, अंशु हर्षित शुक्ला, उपाध्यक्ष नगर पालिका चांदेला व शिवेंद्र रघुवंशी व चेतराम कासदेकर भी उपस्थित रहे।

---

एक मन्नत से शुरू हुआ था सिलसिला

## ढोके परिवार हर साल बनाता है ताजिया, जुलूस में होता शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

हमारे देश मे गंगा जमुनी तहजीब की कई मिसालें देखने मिल जाती हैं। कहीं दशहरे पर रावण के पुतले हसीब भाई बनाते हैं तो कहीं रामलला और ठाकुरजी के वस्त्रों पर जरी गोटे की नक्काशी का काम मुस्लिम परिवार कर रहे हैं। ऐसा ही एक परिवार मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में है जिनकी सात पुश्तें मुहर्रम पर्व ठीक उसी तरह मनाते आ रही हैं जैसा मुस्लिम समुदाय मनाता है।बैतूल जिले की नगरपरिषद बैतूल बाजार का ढोके परिवार हर वर्ष मुहर्रम पर सुंदर ताजिया बनाकर तैयार करता है। परिवार के सभी सदस्य मिलकर मुहर्रम की पहली तारीख से ताजिया बनाना शुरू करते हैं और नौवीं तारीख तक ताजिया तैयार हो जाती है। पूरा परिवार मिलकर ताजिया की विधिवत पूजा करते हैं और मुहर्रम के मुख्य जुलूस में ताजिया लेकर शामिल होते हैं। इस दौरान सैकड़ों मुस्लिम धर्मावलंबियों का भी उनके घर आना जाना लगा रहता है। ढोके परिवार के मुखिया शंकर राव बताते हैं कि कई पीढ़ियों पूर्व उनके पूर्वज एक अजीबोगरीब अभिकशाप से पीड़ित थे। उनके घर मे किसी भी शिशु की जन्म के बाद उसकी अज्ञात कारण से मौत हो जाती थी जिससे पूर्वज काफी चिंतित रहते थे।



---

## फांसी लगाकर की आत्महत्या युवक की जहर खाने से मौत

**बैतूल।** गंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत हमलापुर क्षेत्र में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस आत्महत्या मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के मुताबिक जगन्नाथ पिता श्याम धोटे (46) सुभाष हमलापुर ने 16 जुलाई की रात को घर में ही साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बारे में उस समय जानकारी लगी तब मृतक की मां घर पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक जगन्नाथ शराब पीने का आदी था और वह घर में अकेला रहता था, पत्नि अलग रहती थी। जब 17 जुलाई की सुबह जगन्नाथ की मां घर पहुंची तो जगन्नाथ उसे फांसी पर लटका मिला। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। मृतक का बुधवार दोपहर जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक शराब पीने का आदी था, शराब के नशे में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की संभावना जताई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है।

**जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत:** रानीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुही निवासी एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस आत्महत्या मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सुरेश पिता शंभू वट्टी (28) ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे गंभीर हालत में उपचार के लिए घोड़ाडोंगरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भर्ती किया गया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। उपचार के दौरान मंगलवार की रात को युवक की मौत हो गई। मृतक का बुधवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

---

पीडब्ल्यूडी विभाग में मनमानी

## बिना निविदा के कंडम भवनों की गुपचुप कर दी गई नीलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल /शाहपुर

पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी/कर्मचारी इन दिनों शासन प्रशासन के नियमों को दरकिनार कर अपने नियमानुसार शासकीय कार्य को अंजाम देने में लगे हुए। वहीं इस और जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों ध्यान नही है मामला पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा जिले में शासकीय जर्जर, भवनों की नीलामी प्रक्रिया करने का है जो कि शासन प्रशासन के नियमों को ठेंगा दिखाते हुए अधिकारी अपने मनमाफिक नीलामी प्रक्रिया संपन्न कराने में लगे हुए हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार विगत दिनों जिले के शिक्षा विभाग के जर्जर भवनों की नीलामी की गई। उक्त भवनों के नीलामी की विभाग द्वारा किसी भी अखबार में निविदा नहीं निकाली गई जो कि नियम विरुद्ध है। वहीं कुछ ठेकेदारों का कहना है कि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी अपने चुनिंदा ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए गुपचुप तरीके से बिना अखबार में निविदा प्रकाशित कराने में लगे हुए सिर्फ कागजों में ही खानापूर्ति कर नीलामी प्रक्रिया संपन्न कराने में मदमस्त है, जिससे की नीलामी प्रक्रिया में ज्यादा ठेकेदार शामिल न हो सके। जिससे अपने चुनिंदा ठेकेदारों को औने पौने दाम में जर्जर भवन डिस्मेंटल के लिए मिल सके। इस मनमानी से शासन को हानि हो रही है।

#### इनका कहना

जर्जर स्कूल के डिस्मेंटल कीनीलामी जो की गई है वह स्थानीय स्तर पर की गई है । अखबारों में निविदा नहीं निकाली गई है। कंडम भवन की अखबारों में निविदा निकालने का नियम नहीं है।
**दुलीचंद यादव,** एलडीसी पीडब्ल्यूडी बैतूल

---

छात्र अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन

## सतपुड़ा वैली स्कूल ने मनाया 19वां स्थापना दिवस, छात्र संघ का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सतपुड़ा वैली स्कूल के 19वें स्थापना दिवस के पर छात्र संघ का गठन किया गया। इस अवसर पर भव्य छात्र अलंकरण समारोह का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि निलय विनोद डागा, स्कूल डायरेक्टर दीपाली डागा, स्कूल प्राचार्य जया चक्रवर्ती और मैनेजर शिवशंकर मालवीय द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। अतिथियों को गॉड आफ ऑनर दिया गया, जिसके बाद सभी हाउस के छात्रों ने मार्च पास्ट कर उन्हें सलामी दी। मार्च पास्ट का नेतृत्व स्कूल कैप्टन मोक्षा डागा, कैंब्रिज विंग की आख्या श्रीवास्तव और गौरी सोनी ने किया। इसके बाद काउंसिल लीडर्स ने अतिथियों को मंचासीन किया।

---

बरसात में रास्ते से निकलना होता मुश्किल

## साप्ताहिक बाजार के मुख्य मार्ग में कीचड़-गंदगी, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल / भौरा

नगर के साप्ताहिक बाजार का मुख्य संपर्क मार्ग बहुत दिनों से खराब पड़ा हुआ है तथा इस समय बरसात के मौसम में रास्ते में कीचड़ भर जाने से प्रति शुक्रवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार में लोगों को आने-जाने में बहुत परेशानी हो रही है। इसके साथ ही विशेष रूप से कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अध्यापकों एवं बच्चों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रास्ते में कीचड़ फैले होने के कारण बच्चों के जूते-चप्पल कीचड़ में भिड़ जाते हैं। इस कारण ऐसे ही उन्हें विद्यालय आने-जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। अक्सर बच्चे फिसल कर गिर भी जाया करते हैं। हॉट बाजार मार्ग की नियमित सफाई एवं नाली ना होने के कारण हल्की सी बरसात होते



ही मार्ग में पानी भर जाने के कारण कीचड़ फैल गया है, तो वहीं इस समय बारिश होने से स्थिति और बद से बद्तर हो गई है। इसी मार्ग पर कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, साप्ताहिक हाट बाजार के साथ ही पटेल वार्ड आदि होने से लोगों का चौबीसों घंटे आना जाना-लगा रहता है। जनप्रतिनिधियों सहित ग्राम पंचायत को अवगत कराया जा चुका है।

---

वामन अवतार की कथा सुनाई

## भागवत मोक्ष प्रदान करती है भागवत कथा: मुद्गल शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

पतवापुरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस के पर पंडित श्री राम मुद्गल शास्त्री भगवान की विभिन्न कथाओं का वर्णन किया गया। जिसमें भगवान के वामन अवतार की कथा का श्रवण भक्तों को कराया गया। भक्तिमय कथा का श्रवण कर एवं भक्तिमय भजनों को सुनकर भक्त गण बहुत ही आनंदित एवं खुश हुए एवं भगवान की भक्ति में मग्न हो गए। भारी संख्या में लोग भागवत कथा का श्रवण करने के लिए प्राचीन खेड़ापति मंदिर पतवापुरा में पहुंच रहे हैं । पंडित द्वारा अनुरोध किया गया है कि गुरु पूर्णिमा के पावन पर हो रही श्रीमद् भागवत कथा खुद भी श्रवण करने आएं। एवं अपने साथ में अपने आसपास के भक्तों को भी कथा में पहुंचने के लिए प्रेरित करें। भक्तों ने आरती पूजन का लाभ उठाया। एवं प्रसादी आदरणीय शिक्षक अशोक वर्मा की ओर से संग्रहित कर, ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। उनकी भागवत कथाएं विदेश में भी बहुत अधिक संख्या में हो चुकी है।

---

पांच दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का हुआ शुभारंभ

## सरलता से ही भगवान भक्तों का दुख हरते हैं: मुकेश शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

भगवान की भक्ति सरलता से करने पर ही भगवान भक्तों का दुख हरने का काम करते हैं,यह उद्गार उत्तरप्रदेश के वृंदावन से आए पंडित मुकेश शास्त्री के माध्यम से बैकुंठ धाम आश्रम सलैया में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित संगीतमय श्री राम कथा को संबोधित करते हुए व्यक्ति किया है। उन्होंने कहा कि भौतिक जीवन में परंपरागत भजन और वेशभूषा को छोड़कर लोग पश्चिमी सभ्यता की ओर हावी होते जा रहे हैं। जबकि पश्चिमी सभ्यता के लोग भारत की संस्कृति और संस्कार को अधिगृहण कर रहे हैं ऐसे में यदि प्रभु का मार्ग अपनाना है तो उन्हें सत्संग में



ही जुड़ना पड़ेगा तब जाकर ही सहज और सरलता से भगवान भक्तों के दुखों का निवारण करने का कार्य करते है। कथावाचक पंडित मुकेश शास्त्री ने वंदना गोस्वामी तुलसीदास के माध्यम से रचित श्री राम कथा का वर्णन करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का नाम ऐसे ही मर्यादा के साथ नहीं लिया जाता है उन्होंने कहा कि सभी मर्यादाओं को ध्यान में रखकर ही उनके माध्यम से दुखों को हारने का काम करते हैं। ग्राम पंचायत सलैया में स्थित बैकुंठ धाम आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन 17 से 21 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा कथा का वचन दोपहर 4 बजे से शाम 6 बजे तक 21 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा बैकुंठ धाम आश्रम के संस्थापक सीताराम दादा जी ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को भव्य रूप एवं सफल बनाने में योगदान प्रदान करें।

## बाहरी आदमी या किराए का शिक्षक किसके भरोसे सरकारी स्कूल?

# जांच जरूरी : स्कूल में दो शिक्षकों का स्टाफ, दोनों अनुपस्थित, ताला बंद

जिले के सिवनी मालवा विकासखंड की हो तो यहां कुछ भी संभव होता नजर आ सकता है। स्कूल से दोनो शिक्षक अनुपस्थित पाए जाते है लेकिन उसकी की चाबी ऐसे व्यक्ति के पास होती है जो स्कूल में वर्तमान स्टाफ भी नहीं है, ना ही उसके पास स्कूल में कोई अधिकृत जिम्मेदारी है।



### इन सवालों के जबाव कौन देगा

- सरकारी स्कूल की सुरक्षा और जिम्मेदारी किसके पास थी?
- स्कूल के ताले की चाबी बाहरी व्यक्ति या किराए के शिक्षक के पास कैसे आई?
- अगर ऐसे में स्कूल में कोई घटना या दुर्घटना हो जाती तो इसका जिम्मेदार कौन होता?
- अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुई तो कथित तौर पर पढ़ाने वाले नि:शुल्क शिक्षक की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी?
- ऐसे में अगर उस व्यक्ति के साथ घटना या दुर्घटना हो जाए तो क्या उसे सेवा का लाभ दिया जाएगा?
- एक शिक्षिका की परीक्षा डयूटी की बात कही गई तो क्या उसकी जानकारी संकुल और बीओ को कैसे नहीं?
- बाहरी व्यक्ति के पास स्कूल की चाबी होने के मामले में क्या एक दिन वेतन कटना पर्याप्त कार्रवाई या इसकी जांच होना चाहिए थी?

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

किसी भी स्कूल में अगर सिर्फ दो शिक्षकों का स्टाफ हो तो स्कूल की व्यवस्था और जिम्मेदारी इन्हीं दोनों के ऊपर होती है। लेकिन बात अगर नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा विकासखंड की हो तो यहां कुछ भी संभव होता नजर आ सकता है। स्कूल से दोनो शिक्षक अनुपस्थित पाए जाते है लेकिन उसकी की चाबी ऐसे व्यक्ति के पास होती है जो स्कूल में वर्तमान स्टाफ भी नहीं है, ना ही उसके पास स्कूल में कोई अधिकृत जिम्मेदारी है। ऐसे में जिम्मेदार लोगों लोगों की लापरवाही भी प्रतीत होती है कि कैसे एक सरकारी संस्था के ताले की चाबियां किसी अन्य व्यक्ति के हवाले कर दी जाती है। और कार्रवाई के नाम पर अनुपस्थित शिक्षकों के एक दिन के वेतन काटने की औपचारिकता कर दी जाती है। ना ही कोई सवाल की अन्य व्यक्ति के पास स्कूल की चाबी कैसे आई? या जिनके पास चाबियां होनी थी वो कहा है?

सरकारी स्कूलों में शिक्षकों अपनी मनमर्जी के मालिक हो गए है, किराए के आदमी के भरोसे सरकारी स्कूल को छोड़ कर शिक्षक गायब हो रहे है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है सिवनी मालवा विकासखंड के कोटलाखेड़ी शासकीय माध्यमिक शाला का, जहां पदस्थ दो शिक्षक एक किराए के आदमी जो पहले अतिथि शिक्षक था, के भरोसे स्कूल छोड़ कर अनुपस्थित थे। पूरा मामला तब सामने आया जब ग्रामीणों ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की। जिसके बाद शिक्षा विभाग के अधिकारी सक्रिय हुए और स्कूल का निरीक्षण किया गया।

विकासखंड खंड शिक्षा अधिकारी श्याम सिंह रघुवंशी ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद संकुल प्राचार्य बघवाड़ा से शासकीय माध्यमिक शाला कोटलाखेड़ी का निरीक्षण करने का कहा गया था। जिसमें ओपी रघुवंशी देर से आए थे और अनिता चौधरी की ड्यूटी डीएलएड की परीक्षा में लगी थी। निरीक्षण में स्कूल में एक अतिथि शिक्षक उपस्थित मिला था। जब विकासखंड शिक्षा अधिकारी से पूछा गया कि अभी तो अतिथि शिक्षकों को रखने के कोई आदेश नहीं हुए है तो उनका कहना था कि जहां गेस्ट टीचर का पद खाली है तो वहां पहले से पढ़ा रहे अतिथि शिक्षक का प्राथमिकता मिलती है। अगर वह आना चाहे तो आ सकता है और निःशुल्क अध्यापन का कार्य कर सकता है। संकुल प्राचार्य सुनील झरानिया ने बताया कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने शास माध्यमिक शाला कोटलाखेड़ी का निरीक्षण किया था।

संकुल प्राचार्य सुनील झरानिया का कहना था कि मेरे द्वारा स्कूल का निरीक्षण नहीं किया गया। स्कूल का निरीक्षण विकास खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया था। संकुल प्राचार्य कार्यालय बघवाड़ा से विकासखंड शिक्षा अधिकारी को शासकीय माध्यमिक शाला के शिक्षक ओपी रघुवंशी और अनिता चौधरी का एक-एक दिन का वेतन काटने के लिए पत्र लिखा गया है।

साथ ही स्कूल में उपस्थित जिस व्यक्ति को अतिथि शिक्षक बताया जा रहा है, अगर कोई अप्रिय स्थिति निर्मित हो जाए तो उस व्यक्ति की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा, कैसे उस व्यक्ति को शासकीय सेवक माना जाएगा। अगर व्यक्ति निःशुल्क सेवा दे रहा है तो उसके पास स्कूल की चाबियां कैसे पहुंची, इस बीच अगर स्कूल में कोई घटना हो जाती तो इसका जिम्मेदार कौन होता या फिर उस कथित निःशुल्क सेवक को बली का बकरा बनाकर जिम्मेदारी निभा ली जाती।

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एसपी सिंह का कहना है कि आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है, इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# रेत का अवैध परिवहन करते ट्रक पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

ग्राम मनवाड़ा तहसील माखन नगर मे खनिज रेत का अवैध भंडारण/ परिवहन में लिप्त ट्रक को जप्त कर थाना माखन नगर की अभिरक्षा में खड़ा किया। कार्यवाही में प्रभारी खनि निरीक्षक कृष्णकांत परस्ते, एवं अमला शामिल थे। परस्ते ने बताया कलेक्टर से प्राप्त निर्देश एवं खनिज अधिकारी नर्मदा पुरम के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई है उक्त वाहन के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन,परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है।




# सभी पटवारियों को अपने-अपने कार्यस्थल पर उपस्थित होने के लिए किया निर्देशित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पटवारी संघ द्वारा तहसील पिपरिया में पदस्थ पटवारी प्रवीण मेहरा की 10 जुलाई 2024 को मृत्यु की जाँच के लिए प्रस्तुत ज्ञापन के संबंध में अपर कलेक्टर नर्मदापुरम डी.के सिंह, संयुक्त कलेक्टर अनिल कुमार जैन एवं डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर द्वारा जाँच की गई। प्रकरण में सरपंच, पटवारी, सचिव, ग्राम कोटवार एवं कथित छः वारसान के विरूद्ध एफ.आई.आर दर्ज कराई गई थी।

जिसके संबंध में अनुविभागीय अधिकारी पिपरिया से बिंदुवार जबाव एवं समस्त अभिलेख तलब किए गए। जिनका सूक्ष्म अध्ययन कर एवं समस्त पहलुओं की विधिवत जाँच उपरान्त पाया गया कि ग्राम घाना की तीन हैक्टेयर भूमि पर फौती नामांतरण का आदेश 05 जनवरी 2022 को हुआ था जिसमें जीवित भूमि स्वामी सुपाल को मृतक बताकर तथाकथित वारिसों के नाम कूटरचित दस्तावेजो के आधार पर नामांतरण किया गया था।

प्रकरण की अपील एवं शिकायत होने पर मामला अनुविभागीय अधिकारी के संज्ञान में आया तब नियमानुसार पुर्नविलोकन आदि की अनुमति पश्चात विवादित आदेश निरस्त किया जाकर वाद भूमि मूल भूमि स्वामी सुपाल के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज की गई। संपूर्ण प्रकरण में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उक्त कार्यवाही तत्कालीन कलेक्टर के संज्ञान में लाकर की गई थी। प्रकरण के अवलोकन से स्पष्ट है कि अनुविभागीय अधिकारी द्वारा की गई कार्यवाही विधिक प्रक्रिया के तहत ही की गई थी। मेहरा की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु पर समिति द्वारा शोक व्यक्त किया गया।

उक्त घटना के संबंध में 10 जुलाई 2024 की पीएम रिपोर्ट एवं एवं 9 जुलाई 2024 की निदान अस्पताल पिपरिया की लैब रिपोर्ट का अवलोकन पर पाया गया की मृतक पटवारी को डैंगू था एवं मल्टीपल ऑर्गन फेलियर से हदयाघात के कारण मृत्यु हुई। 16 जुलाई 24 को सायं 7 बजे, पटवारी संघ द्वारा 9 पटवारियों के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी पिपरिया के विरुद्ध बिंदुवार शिकायत प्रस्तुत की गई।

17 जुलाई 2024 को सभी सम्बंधित पटवारियों को समिति द्वारा जांच में अपने कथन देने के लिए सूचित किया गया किन्तु कोई भी पटवारी उपस्थित नही हुआ। अपर कलेक्टर डी के सिंह द्वारा बताया गया है कि जांच प्रचलन में है तथा सभी पक्षो के कथन, साक्ष्य, दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत ही निर्णय लिया जाना संभव है। उन्होने पटवारी हड़ताल के कारण जनता को हुई असुविधा पर खेद प्रकट करते हुए, सभी पटवारियों को तत्काल कार्यस्थल पर उपस्थित होने के निर्देश दिए। विदित हो कि पटवारियों के काम बंद होने से लोगों को राजस्व के कार्य कराने में काफी असुविधाएं हो रही हैं।

# मोहर्रम पर मुस्लिम समाज ने निकाले नगर व ग्रामीण क्षेत्र में 25 ताजिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मोहर्रम पर निकले ताजिए माखन नगर मुहर्रम के महीने की दसवीं तारीख को पैगंबर मोहम्मद के नाती इमाम हुसैन शहीद हुए थे. इस गम में हर साल अशुरा के दिन ताजिए निकाले जाते हैं जो कि शोक का प्रतीक होता है. नगर में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नगर के अलग-अलग हिस्सों में ताजिया बनाए गए बुधवार को नगर के प्रमुख मार्गो से ताजिया निकल गए जो मंगलवारा बाजार में एकत्रित हुए जहां लोगों ने श्रद्धा से लोबान और प्रसाद चढ़ाया मंगलवारा बाजार में अलग-अलग अखाड़े ने प्रदर्शन किया शाम को सभी ताजिए कर्बला की तरफ रवाना हो गए इस महीने को शोक का महीना भी कहते हैं. इस दिन मुस्लिम समुदाय मातम मनाता है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत खापरखेड़ा सहित आसपास के ग्रामों में मोहर्रम पर ताजिए निकल गए जिम अंजुमन इस्लाम कमेटी के अध्यक्ष इमरान खान फहीम अब्दुल्ला एवं ताजिया दार सवारी दार लोगों ने ने बताया कि हैदरी अखाड़ा हुसैनी अखाड़ा के प्रमुख उदय राजपूत मदीना मस्जिद के सचिव शेरु खान ने बताया कि शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में लगभग छोटे-बड़े 25 ताजिए निकाले गए हैं। तथा 15 सवारी निकाली गई दो अखाड़े भी शामिल हुए शाम को इतवारा बाजार मैदान में सभी ताजियों को प्रदर्शन हेतु रखा गया और उसके बाद में डोकरी खेड़ा डैम में नाव के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारी एवं मुस्लिम कमेटी के तमाम सदस्यों की उपस्थिति में विसर्जन किया गया जिसमें ईरानी समुदाय से असद अली शहद तमाम लोग शामिल रहे 16 जुलाई को रात्रि में ईरानी डेरा से लेकर मंगलवार बाजार तक मातमी जुलूस भी निकल गया। इस तरह से मोहर्रम का त्यौहार बड़ी शांतिपूर्वक और सद्भावना के साथ इमाम हुसैन की शहादत में मनाया गया। इमाम हुसैन की याद में मनाया जाने वाला मोहर्रम का महीना चांद नजर आने पर पूरे देश में मनाया गया बड़ी सवारी निकल गई पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के नवाब से मौला आपका इमाम हुसैन की कर्बला के मैदान में हक और सच के लिए असद के लिए खिलाफ लड़ते हुए उन्होंने अपनी पैगाम दिया था हका हक में फर्क बताया जिसे आज मुस्लिम समाज बड़ी हकीकत के साथ मोहर्रम के तौर पर मानता है मौलाना हुसैन को याद करते हुए उनके नाम पर आने को कार्यक्रम के आयोजन किए जाते हैं इसी तारतम में वही मोहर्रम की चांद रात से लेकर 10 मोहरम तक होने वाली आयोजनों को लेकर पूर्व में बैठक का आयोजन ही किया गया था। इसी आधार पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया और शाम 7:00 बजे कुरान का पाठ उसके साथ ही हुसैनी लंगर भी वितरित किया जाता है।



### रोजगार मेला आज

**नर्मदापुरम।** जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए रोजगार मेला का आयोजन आज प्रातः 11.00 बजे से 4:00 बजे तक भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय सुखतवा केसला में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए कहा है कि शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु चयन किया जाएगा। रोजगार के इच्छुक युवक एवं युवतियां पर अपना पंजीयन कर सकते हैं।

# बरसाती पानी के भराव वाले स्थानों पर पहुंचे नपा अध्यक्ष, जेसीबी चलवाकर निकलवाया गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को हुई 46 मिमी बारिश ने शहर के ड्रेनेज़ सिस्टम कि पोल खोल दी थी। शहर में जगह जगह जल भराव के हालात से आमजनों को खासी परेशानी हुई थी। जिसके बाद बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष ने जल जमाव वाले क्षेत्रों का दौरा किया। बुधवार को नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे नेपुरानी इटारसी में तीन वार्डों में निरीक्षण करने पहुचे। यहां सड़क पर बरसाती पानी की निकासी रुक गई थी। नगरपालिका अध्यक्ष ने जेसीबी के माध्यम से खुदाई करवाकर पानी निकलवाया। सुबह सबसे पहले नपा अध्यक्ष वार्ड 1 में बस स्टैंड के पीछे वाली गली में पहुंचे। यहां पार्षद दिलीप गोस्वामी भी साथ थे। यहां महिलाओं ने उन्हें समस्या बताई। जिस पर तत्परता दिखाते हुए उन्होंने उसे ठीक कराया। इसी तरह वार्ड 3 में निरीक्षण करते हुए जनता से मिले और समस्या सुलझाई। वार्ड 6 में सनखेड़ा पर जल भराव की समस्या आने पर, यहां जेसीबी चलवाई।



यहां आसपास की कालोनी से निकलने वाला पानी भरा रहा है। विदित हो कि तेज बारिश के दौरान इटारसी शहर के कई क्षेत्रों में जलभराव कि समस्या बन जाती हैं।

# पिपरिया में भाजपा विस्तारित कार्य समिति की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया विधानसभा एवं लोकसभा में नगर पालिका में जनपद पंचायत में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के लिए देव तुल्य कार्यकर्ताओं को विधायक ठाकुरदास नागवंशी सांसद दर्शन सिंह चौधरी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल अरविंद राय प्रशांत पटेल माधवदास अग्रवालत्रिलोक राठौर नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर सहित तमाम जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे और विधायक ने कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में भी पार्टी को बड़ी विजय मिली इस मध्य प्रदेश में भी हासिल की बूथ के कार्यकर्ताओं के द्वारा जी तोड़ मेहनत की है जिसके परिणाम से भाजपा को यह जीत मिली है ऐसे कार्यकर्ताओं का हृदय से स्वागत आभार और सम्मान करते हैं कि अपनी पुरानी ऊर्जा को लगाते हुए मेहनत के साथ भाजपा को विजय दिलाई मंडल की विस्तारित कर समिति की बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक ने कार्यकर्ताओं का विशेष रूप से आभार माना और उन्होंने आगामी कार्यक्रमों की भी जानकारी दी मैरोडर अग्रवाल ने संघात्मक कार्यक्रमों की जानकारी दी बैठक में संचालन एवं आभार भी कार्यकर्ताओं के द्वारा ही किया गया। उन्होंने कहा कि 18 19 20 जुलाई तक मंडल की शक्ति केदो पर कार्य समिति की बैठक होगी और जिसमें आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की जावेगी। पार्टी से युवा मोर्चा महिला मोर्चा तथा किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे किसान मोर्चा के जिला महामंत्री पवन वालिया ने बताया कि लोकसभा में विकास को लेकर काफी प्रयास किया जा रहे हैं कि विधानसभा का सबसे अधिक विकास कार्य कराया जा सके जिस पर भी चर्चा की गई है।



## ज्ञानदीप स्कूल में सांसद ने पौधरोपित कर दिया जागरूकता का संदेश

# एक वृक्ष मां के नाम के तहत हुआ पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पुनौर पछुआ बच्चों के दोनों तरफ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक पौधा मां के नाम मोहन के हिस्सा बने सांसद दर्शन सिंह चौधरी सतपाल पलिया अरविंद राय सहित तमाम जायंटियों के द्वारा एक वृक्ष मां के नाम अभियान के अंतर्गत ग्राम पुनौर एवं झालौन मार्ग के दोनों तरफ पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सड़क के दोनों किनारो पर लगभग 400 पौधों का रोपण किया गया जिसमें जन सहभागिता से कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जागृति ज्ञान दीप स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित दर्शन सिंह चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण की संरक्षण के संदेश के प्रति लोगों को जागरूक करना है वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग पर्यावरण संतुलन जैसे समस्याओं के चलते इसका महत्व बढ़ गया है और इसके लिए प्रकृति के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है परंपराओं के आधार पर हमें प्रकृति और प्रेम की संस्कृति को शोक मनाए जाने की परंपरा है इस कार्यक्रम बने जिसमें कार्यक्रम का संचालन भारतीय कृषि अनुसंधान के सदस्य नीतीराज पटेल द्वारा किया गया यह अवसर पर प्रभात चौधरी विद्यालय के संचालक शिवदयाल चौधरी सहित तमाम किरारसमाज के लोग उपस्थित रहे। पलिया के द्वारा संसद से किसानों से मूंग तुलाई में सर्वेयर एवं प्रबंधकों के द्वारा दिल्ली जा रही किसानों से राशि को लेकर चर्चा की गई किसानों को खुलेआम लूट जा रहा है तोल कांटे पर एक बोरी की धुलाई करवाई तो ढाई सौ से 500 ग्राम अनाज ज्यादातोला जा रहा है नमी के नाम पर इस तरह से उन्होंने संसद को आघात कराया।



### गरीब की तरकारी से टमाटर गायब 70 से 80 रूपए किलो हो गए दाम

**इटारसी।** बारिश की शुरुआत होते ही थोक एवं फुटकर बाजार में हरी सब्जियों के दामों में आई तेजी ने गृहणियों का बजट बिगाड़ दिया है। एक महीने पहले 15 से 20 प्रतिकिली की दर से बिकने वाली सब्जी के दाम अब एकदम से चौगुने से अधिक हो गए है। इन दिनों बाजार में प्याज़ तीखी और टमाटर दाम लाल बने हुए हैं। वर्तमान में टमाटर थोक बाजार में 50 से 60 रुपए और फुटकर बाजार में 70 से 80 प्रतिकिलो तक बिक रहा है। अगर ऐसे ही आवक कम बनी रही तो इनके दाम 100 से 120 रुपए प्रतिकिलो पहुंच सकते हैं। सब्जी विक्रेता बताते हैं बाजार में लोकल टमाटर मौजूद नहीं है जो मिल रहा है वह बेंगरूर और महाराष्ट्र से आ रहा है। इसके पीछे पहले गर्मी और अब तेज बारिश कारण बताये जा रहे है।



### संभागीय समीक्षा बैठक कल

**नर्मदापुरम।** कमिश्नर नर्मदापुरम संभाग के.जी तिवारी की अध्यक्षता में शुक्रवार 19 जुलाई को दोपहर 3:00 बजे से परिवहन विभाग, आबकारी विभाग, माइनिंग विभाग, जिला पंजीयक, कमर्शियल टैक्स विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। उपायुक्त नर्मदापुरम संभाग ने उक्त पांचो विभागों के संभागीय अधिकारी को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।


**कार्यालय ग्राम पंचायत आंचलखेड़ा, जनपद पंचायत माखन नगर**

क्रमांक/33/निविदा / ग्रा.पं./2024 आंचलखेड़ा दिनांक 12/07/2024

-: पुर्न नीलामी :-

एतद् द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद पंचायत माखन नगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत आंचलखेड़ा में स्थित ग्राम पंचायत आंचलखेड़ा के स्वामित्व की पुरानी दुकाने यथास्थिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नर्मदापुरम द्वारा जारी स्थगन आदेश निरस्ती उपरांत 500/- प्रतिमाह प्रति दुकान, नीलामी ग्राम पंचायत आंचलखेड़ा द्वारा दिनांक 26.07.2024 को दोपहर 12.00 बजे दिन से जनपद पंचायत माखन नगर में की जावेगी।

सारणी

| क्र. | दुकान क्रमांक 05 से लेकर दुकान क्रमांक 11 तक | अमानत राशि (रूपये में) प्रति दुकान | बोली लगाने के पूर्व जमा राशि प्रति दुकान |
|---|---|---|---|
| 1. | दुकान क्रमांक 07,11 अन्य पिछड़ वर्ग के लिये आरक्षित, शेष अनारक्षित | 100000/- | 5000/- |

अतः इच्छुक व्यक्ति से नीलामी की समस्त सामान्य शर्ते जो ग्राम पंचायत में सूचना पटल पर प्रदर्शित हैं स्वीकार हो तो निश्चित दिनांक, समय व स्थान पर उपस्थित होकर कार्यालय में बोली लगा सकते हैं।

सचिव/ सरपंच
ग्राम पंचायत- आंचलखेड़ा
जनपद पंचायत माखन नगर

## खबर संक्षेप



### नि:शुल्क स्वास्थ्य और जांच शिविर आयोजित

**सीहोर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला चिकित्सालय स्थित शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र (डीईआईसी) भवन में कटे-फटे तालु वाले बच्चों के उपचार के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं जांच शिविर आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि शिविर में 16 बच्चों का पंजीयन किया गया तथा कम वजन वाले 06 बच्चे, सर्जरी के लिए 03, फॉलोअप के 03 तथा अनफिट के 04 बच्चों का उपचार के लिए चिन्हांकन किया गया।


### ट्रांसफार्मर खराब: 1912 पर करें शिकायत

**सीहोर** । मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है की मानसून सीजन के दौरान आंधी, बारिश एवं अन्य व्यवधान के कारण वितरण ट्रांसफार्मर फेल होने की शिकायतें 1912 पर दर्ज करा सकते हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर संभाग के विधायकों से मुलाकात की

# संभागीय विधायकों की बैठक में 100 करोड़ के विकास कार्यों का प्रस्ताव रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा





प्रदेश में विकास कार्यों की गति को तेज करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संभागवार विधायकों की बैठक का आयोजन किया। इस श्रृंखला में इंदौर संभाग की बैठक 12 जुलाई को आयोजित की गई। इस बैठक में पंधाना की विधायक छाया मोरे ने मुख्यमंत्री के समक्ष 11 महत्वपूर्ण मांगों का प्रस्ताव रखा। इसके अलावा, विधायक मोरे ने भविष्य के लिए 100 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का एक प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री से वन-टू-वन चर्चा में छाया मोरे की यह 11 मांगें को सुना जैसे की

विधायक मोरे ने बताया कि वर्तमान में किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए खण्डवा और बुरहानपुर जाना पड़ता है, जो कि 40 किलोमीटर दूर है। उन्होंने मांग की कि बोरगांव बुजुर्ग में एक उपमंडी की स्थापना की जाए। पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा 21 सितंबर 2021 को ग्राम पंचायत बोरगांव बुजुर्ग को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की गई थी, जिसे पूरा करने का आग्रह किया गया। छैगांव माखन में वर्ष 2013-14 से 3 करोड़ रुपये की लागत से कृषि उपज मंडी बनी हुई है, जिसे शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की गई। इसके अलावा, मंडी को सब्जी मंडी के रूप में परिवर्तित करने का भी प्रस्ताव रखा गया। छैगांव माखन में फूड पार्क के लिए शासकीय भूमि उपलब्ध है, यहां फूड पार्क स्थापित करने की आवश्यकता जताई गई। ग्राम रोशिया में चिचगोहन फाटा और सिंगोट मुख्यालय पर पुलिस चौकी की स्थापना की मांग की गई, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुदृढ़ हो सके। ग्राम काकरिया में लगभग 1000 हेक्टेयर शासकीय भूमि और पर्याप्त पानी उपलब्ध है। यहां एक औद्योगिक इकाई स्थापित करने से स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिल सकता है। खंडवा लिफ्ट एरिगेशन परियोजना से छूटे हुए गांवों को जोड़ने की मांग की गई, ताकि रबी और खरीफ की फसलों के लिए पर्याप्त पानी मिल सके। क्षेत्र में पर्याप्त शासकीय भूमि और पानी उपलब्ध होने के कारण दो-तीन औद्योगिक इकाईयों की स्थापना का प्रस्ताव दिया गया। पंधाना मंडी के पास स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण और पिकनिक स्थल का निर्माण किया जाए। इस कार्य के लिए पर्याप्त शासकीय भूमि उपलब्ध है। नगर में 75 वर्षों से अधिक पुराने शासकीय भवन जीर्ण-शीर्ण हो चुके हैं। इन भवनों को डिस्मेंटल कर कर्मचारियों के लिए शासकीय आवास और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण करने की मांग की गई। पंधाना नगर में एक नवीन बस स्टैंड की स्थापना का प्रस्ताव रखा गया।

साथ ही विधायक छाया मोरे ने भविष्य के विकास कार्यों के लिए 100 करोड़ रुपये के बजट का प्रस्ताव भी मुख्यमंत्री के सामने रखा। इस प्रस्ताव में विभिन्न परियोजनाओं का उल्लेख किया गया है, जो क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा देने में सहायक होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधायक छाया मोरे की सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करने और शीघ्र ही उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। सरकार विकास कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है मांगों को प्राथमिकता से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

# नावरा के जंगल में मिला तेंदुए का पुराना शव

### नयाखेड़ा दूधिया के बीच मामा भानजे की पहाड़ी पर मिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

नावरा रेंज के जंगल में बुधवार को एक तेंदुए का दो दिन पुराना शव मिला। नयाखेड़ा दूधिया के बीच मामा भानजे की पहाड़ी पर तेंदुए मृत अवस्था में पाया गया। नावरा रेंजर पुष्पेंद्र जादौन के अनुसार बुधवार को सूचना मिली कि नयाखेड़ा-दूधिया के बीच एक तेंदुआ मृत अवस्था में पड़ा है। टीम मौके पर पहुंचे। खास बात यह है कि तेंदुए के शरीर पर फिलहाल चोट के कोई निशान नहीं नजर आए। इस दौरान यहां काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

रेंजर ने बताया तेंदुए का शव करीब दो दिन पुराना है। शरीर पर कहीं घाव आदि के निशान नजर नहीं आए। मामले की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही इसी क्षेत्र में एक तेंदुआ घायल अवस्था में केले के खेत में मिला था जिसे वन विभाग की टीम ने इंदौर रेफर कर दिया था। कुछ दिन बाद ही एक तेंदुए का शव मिला है।

# पुलिस अधीक्षक ने ली भंडारा के आयोजकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा





गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 19-21 जुलाई को खंडवा शहर में आयोजित होने वाले भंडारों के आयोजनकर्ताओं के साथ बैठक का आयोजन पुलिस कंट्रोल रूम में किया गया। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने बैठक की अध्यक्षता की। इसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी, नगर पुलिस अधीक्षक अरविन्द सिंह तोमर, उप पुलिस अधीक्षक यातायात आनंद स्वरूप सोनी, उप पुलिस अधीक्षक अजाक महेश दुबे, और अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में आयोजकों की समस्याएं सुनी गईं और लाइट, सफाई, यातायात व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की भीड़ नियंत्रण पर चर्चा हुई। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने की सलाह दी गई। पिछले वर्षों की तरह, इस वर्ष भी श्री दादाजी मंदिर में लाखों की भीड़ की संभावना है, इसलिए पुलिस सहयोग की अपील की गई। बैठक में पर्याप्त डस्टबिन का उपयोग करें। रोड छोड़कर भंडारे का पंडाल लगाएं। पंडाल में इमरजेंसी सेवाओं के मोबाइल नंबर का बोर्ड लगाएं। डी जे का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था रखें और खुले बिजली के तार का प्रयोग न करें संबंधी निर्देश दिए गए।

# रोटरी क्लब का शपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न



**सीहोर।** रोटरी क्लब का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब पदाधिकारियों द्वारा हिमांशु मिस्त्री को रोटरी पिन पहनाकर क्लब अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. बाल कृष्ण जगानी पुरोहित ने नई पीढी के बच्चों को संस्कार देने पर बल दिया उन्होने कहा कि बच्चों को संस्कार देने का महत्वपूर्ण कार्य रोटरी क्लब के सदस्य कर रहे है। रोटरी क्लब निवर्तमान अध्यक्ष भरत गुप्ता ने नए अध्यक्ष को नियमानुसार पदासीन किया। रोटरी सचिव शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने भी रघुनंदन निगोदिया को पिन पहनाकर सचिव का दायित्व प्रदान किया। वरिष्ठ रोटेरियन राधे श्याम अग्रवाल ने रोटरी पिन लगाकर अंबर गुप्ता को रोटरी परिवार का सदस्य बनाया ।

कार्यक्रम में रोटरी क्लब नवागत अध्यक्ष हिमांशु मिस्त्री और सचिव रघुनंदन निगोदिया सहित समस्त पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई गई। प्रमुख रूप से कैलाश अग्रवाल, डॉ. एस आर गट्टानी, बाबु लाल मिस्त्री, मधुर विजयवर्गीय, के.पी. शास्त्री, डॉ. पंकज जैन, कपिल अग्रवाल, अर्पित पालीवाल, मयंक चड्ढा, अमित सोनी, अजय जैन, राजेंद्र सिंह सिसोदिया, क़मर अहमद सिद्दीकी, हरीश शर्मा, प्रदीप शर्मा, डॉ. आशुतोष शर्मा, नवनीत ठकराल, विपनेश जोशी,राजेश काशिव सम्मिलित रहे।

# आदिवासियों का धरना-प्रदर्शन, कांग्रेस ने दिया समर्थन



**भैरूंदा।** नगर में आदिवासियों ने अपनी जमीन पर हो रहे शासकीय निर्माण कार्य को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन को कांग्रेस ने भी समर्थन दिया। दरअसल भैरूंदा तहसील के ग्राम झाली में आदिवासियों की जमीन पर शासकीय भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसको लेकर आदिवासियों द्वारा विरोध किया जा रहा है। इस संबंध में एक आवेदन कलेक्टर प्रवीण सिंह को भी दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि ग्राम झाली के आदिवासी 50-60 वर्षों से अधिक समय से जिस जमीन पर काबिज हैं अब उनकी जमीन पर सरकारी भवन का निर्माण कराया जा रहा है। आदिवासियों का कहना है कि वे इस जमीन पर खेती करके अपने परिवारों का भरण-पोषण कर रहे हैं, लेकिन अब प्रशासन द्वारा जबरदस्ती उनकी जमीन पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ये उचित नहीं है। इसको लेकर अब आदिवासियों ने भैरूंदा तहसील कार्यालय में दो दिन से धरना-प्रदर्शन जारी है। इसको कांग्रेस ने भी समर्थन दिया है। कांग्रेस नेता राजकुमार पटेल, विक्रम मस्ताल शर्मा सहित कई कांग्रेस नेता इस प्रदर्शन में शामिल हुए एवं आदिवासियों के अधिकारों को नहीं छिनने के लिए प्रशासन से अपील की। साथ ही चेतावनी भी दी कि यदि प्रशासन ने अपनी हठधर्मिता नहीं छोड़ी तो सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा।

कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल ने कहा कि झाली में एक छात्रावास बन रहा है गरीबी का हक छीनकर महल तैयार की जा रहा है पंचायत के द्वारा स्वीकृति नही दी गई फिर भी भवन बना रहे हैं जहा धरना प्रदर्शन कर रहे हैं महिलाए,छोटे छोटे बच्चे है उनके लिए पीने का पानी और धुप के छत रहने के इंतजाम भी नही जो जनता आपको शासन देती है बड़े-बड़े अधिकारियों को ऐसी देती है इसके लिए पीने के लिए पानी और रहने के लिए कोई स्थान नहीं धूप में जनता बैठी है।इनका काम नहीं हुआ तो कांग्रेस इनके साथ हे चाहे फिर सामदाम डंडभेद में का प्रयोग करना पड़े। वहीं कांग्रेस के पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल ने कहा कि देश संविधान से चल रहा है जिस तरीके से भेरूंडा तहसील के ग्राम झाली में गरीबों से उनकी जमीन छीनकर एक निजी कंपनी कुछ छात्रावास के लिए दी जा रही है जिसका विरोध आदिवासी भाई लोग वह उनके पास कितनी ही जमीन है जो संस्था छात्रावास के लिए 20 एकड़ में बना रही है जिसका विरोध ग्राम पंचायत ने भी किया है आदिवासी भाईयो के द्वाराभी दो दिन से धरना प्रदर्शन जारी है कांग्रेस उनके साथ खड़ी है सभी ने मिलकर यह फैसला किया है आदिवासी भाइयो की जमीन पर छात्रावास नही बनाने देंगे चाहे उसके जेल जाना पड़ा तो सभी आदिवासी भाइयों हम साथ जेल भी जाएंगे।

# भाजपा की जिला बैठक में हंगामा


हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर



स्थानीय राजस्थानी भवन में बुधवार दोपहर भारतीय जनता पार्टी की कार्यकारिणी गठित होने के बाद पहली जिला बैठक हुई, लेकिन बैठक शुरू होने से पहले काफी हंगामा हुआ। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, नेपानगर विधायक मंजू दादू, जिला संगठन प्रभारी कल्याण अग्रवाल की मौजूदगी में हुई इस बैठक में एक जिला पंचायत सदस्य जमकर बरसे। इस दौरान काफी देर तक हंगामा होता रहा। संगठन की ओर से नेपानगर विधानसभा के कार्यकर्ताओं की उपेक्षा किए जाने के मुद्दे पर भी हंगामा हुआ। लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक लीड नेपानगर विधानसभा से मिली थी।

दरअसल जिला पंचायत सदस्य अनिल राठौर का कहना था कि मुझे बैठक की सूचना नहीं दी गई जबकि दूसरे जिला पंचायत सदस्यों को फोन करके बैठक में बुलाया गया। उन्होंने कहा मैं वार्ड नंबर 4 से जिला पंचायत सदस्य हूं। जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने से पूछा कि मेरे साथ ऐसा क्यों किया जा रहा है। उनका कहना है कि इस बैठक में जिला पंचायत सदस्य आदि को नहीं बुलाया जाता, लेकिन मुझे लग रहा है कि जान बूझकर मेरे साथ ऐसा किया जा रहा है। नेपानगर क्षेत्र की उपेक्षा की जा रही है। वहीं कैमरा देख सांसद, विधायक मीडिया से बचने का प्रयास करते रहे। जब जिला पंचायत सदस्य अनिल राठौर ने इसका विरोध किया तो भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा यह जिला कार्यकारिणी की बैठक है। इसमें जिला पंचायत, जनपद सदस्य, पार्षदों को नहीं बुलाते। उन्हें मंडल की बैठक में बुलाते हैं, लेकिन जिला पंचायत सदस्य कहते रहे कि दूसरे लोगों को तो फोन करके बुलाया गया था। वहीं जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने कहा जिला कार्यकारिणी के नाते फोन किया गया है। परिवार बड़ा है। हर किसी की इच्छा, आकांक्षाएं होती है। कार्यकर्ता ने अपनी बात रखी। किसी की उपेक्षा नहीं कर रहे। इसे लेकर जिला प्रभारी कल्याण अग्रवाल ने कहा पर्टी में किसी भी प्रकार की गुटबाजी नहीं है। मेरे संज्ञान में आज जो मामला आया है वह देखेंगे। भाजपा कार्यकर्ता नेतृत्व से बाहर नहीं है। कुर्सी चली न कोई बात हुई। कार्यकर्ता को बात रखना था उसने बात रखी।

# सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा, गोशाला बनी शोपीस



**रेहटी।** नगर रेहटी सहित रेहटी तहसील के मुख्य मार्ग पर गायों का डेरा जमा हुआ है। इन गायों को लेकर न तो पंचायत स्तर से कोई पहल की जा रही है, न ही पशुपालन विभाग का इस ओर ध्यान है। स्थिति यह है कि नेशनल हाईवे के मुख्य मार्ग पर पूरे गांव में गाय सड़कों पर जमी रहती हैं। इसके कारण जहां आने-जाने वाले राहगीरों को परेशानियां होती हैं।

दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। यहां पर पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें लोग घायल हुए हैं तो कई गायों की भी मौत हो गई हैं।सडक मार्ग पर गायों का डेरा जमा रहता है। यह सभी पशु यहीं के स्थानीय लोगों के हैं। दरअसल किसानों ने गायों का उपयोग किया और जब इन गायों ने दूध देना बंद कर दिया तो इनको सड़कों पर लाकर छोड़ दिया। अब यही पशु किसानों के खेतों की फसलों को भी पूरी तरह से चट कर रहे हैं। 80 से 100 गायों का झुंड जिस खेत में घुसता है वहां पूरी फसल को खा जाता है। रेहटी तहसील के ग्राम सतरना, रमगडा, कलवाना, इटावा, मालीबाया, सहित मुख्य मार्ग पर बड़ी संख्या में मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है आए दिन यहां पर सड़क दुर्घटनाओं में लोग घायल हो रहे हैं साथ में मवेशी भी आए दिन दुर्घटना में घायल हो रही है इस और किसी का ध्यान नहीं है गोशाला में भी गिनती की गए अब देखने को मिल रही है क्षेत्र की गोशालाएं शो पीस बनकर रह गई है। बस स्टैंड के पास से लेकर पूरे नगर रेहटी की सड़कों पर मवेशी बैठे हुए नजर आते हैं जिससे लगातार जाम की स्थिति के साथ-सा द वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस और कोई जिम्मेदार अधिकारी ध्यान देने के लिए तैयार नहीं है।

## बाल मित्र पुस्तकालय विकास और प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**सीहोर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, जिला शिक्षा केन्द्र सीहोर तथा रूम टू रीड संस्था द्वारा जिले के समस्त सएसी और बीएसी के साथ बाल मित्र पुस्तकालय विकास एवं प्रबंधन पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन डाइट सीहोर में किया गया। विगत वर्षों में राज्य सरकार द्वारा जिले की प्रत्येक शाला को कक्षा 1 से 5 में पढने वाले बच्चों के लिए उनके पठन स्तर के अनुसार 416 कहानियों की किताबें दी गई है। इन किताबों में मुख्यतः एफएलएन बिग बुक, रंगीन चित्र वाली किताबों तथा रीडिंग कार्ड्स से प्रत्येक शाला में बाल मित्र पुस्तकालय/रीडिंग कॉर्नर को विकसित और प्रबंधन किया गया है। इस पर रूम टू रीड संस्था, भोपाल से नीतू शाही ने बाल मित्र पुस्तकालय से जुड़े सभी आयामों पर जानकारी दी। कार्यशाला में डाइट प्राचार्य डॉ अनीता बडगुर्जर ने बताया कि बाल मित्र पुस्तकालय से बच्चों का पठन कौशल अच्छा होगा और बच्चों में पढने की आदत का विकास होगा। जिले के डीपीसी रमेश राम ऊईके ने बाल मित्र पुस्तकालय के विकास और महत्व पर महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी। जिले से अकादमिक एपीसी अभिषेक भार्गव ने पुस्तकालय की किताबों के एफएलएन कक्षा में उपयोग को लेकर जानकारी दी उन्मुखीकरण में मिशन अंकुर से परमल विश्नोई एवं उनकी टीम ने आवश्यक सहयोग प्रदान किया।

# मोहर्रम : हजरत इमाम हुसैन की याद में बैठाया अलम शरीफ

हर साल दुलदुल घोड़ा भी बैठाते हैं मुस्लिम डेरा समाजजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर



मोहर्रम का माह चल रहा है। इस दौरान शहर के प्रतापपुरा बोरवाड़ी क्षेत्र में मुस्लिम डेरा समाजजन द्वारा हजरत इमाम हुसैन की याद में अलम शरीफ बैठाया गया है। साथ ही दुलदुल घोड़ा भी बैठाया गया है। इसकी जियारत करने के लिए काफी संख्या में रात में शहर के लोग यहां पहुंचते है। मोहर्रम की 9 तारीख को मंगलवार रात यहां लंगर आयोजित हुआ।

डेरा समाज के अध्यक्ष अमीन अहमद ने बताया-मोहर्रम में इराक के शाम मुल्क में यजीद नामक बादशाह ने जुल्म ज्यादती की थी। वह चाहता था कि जो नाजायज काम हैं वह इस्लाम में लागू कर दे, लेकिन हजरत इमाम हुसैन ने इसका विरोध किया और मोहर्रम की 5 तारीख से जंग हुई। मुल्के शाम के लोगों ने पैगंबर ए इस्लाम के नवासे हजरत इमाम हुसैन को मदद के लिए बुलाया था। तब यजीद नामक बादशाह ने हजरत इमाम हुसैन सहित उनके 72 साथियों पर पानी बंद कर दिया था। उनके साथ ही उनके दुलदुल घोड़े ने भी पानी पीना बंद कर दिया था। वह भी शहीद हो गया था। उन्हीं की याद में हर साल यहां अलम शरीफ और दुलदुल घोड़ा बैठाया जाता है। जिसकी जियारत के लिए काफी संख्या में समाजजन बोरवाड़ी इमामबाड़ा पहुंचते हैं। कई सालों से अलम शरीफ बैठाने की यह परंपरा बुरहानपुर में चली आ रही है। मंगलवार रात यहां लंगर का आयोजन हुआ जिसमें काफी संख्या में समाजजन शामिल हुए। 5 मोहर्रम से गरीबों को यहां हर दिन खाना खिलाया जाता है।

### चातुर्मास कलश स्थापना का कार्यक्रम 25 को जैन धर्मशाला में

# विकारों को छानकर अलग करें तभी मंगल होगा : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



हम मंगल पर जीवन खोज रहे पर जीवन में मंगल कैसे लाएं यह भूल रहे हैं। महंगे कपड़े, महंगा भोजन, गाड़ियों से खुशी या मंगल का निमित्त हो सकता है परंतु जीवन का मंगल नहीं। जीवन का मंगल तब ही संभव है जब हम अपने मन को मंगल करें, राग, बैर, लोभ जैसे विकारों को छानकर अलग करें, तब ही मंगल अमृतपान हो सकेगा। उपरोक्त विषय पर मंगलवार को प्रवचन माला के दौरान सराफा जैन धर्मशाला में मुनिराज विनतसागर के मंगल प्रवचन का सौभाग्य खंडवा को प्राप्त हुआ।

समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि सौभाग्य से आचार्य विनम्र सागर महाराज के परम शिष्य विनतसागर, विश्वमीत सागर मुनिराज का चातुर्मास का लाभ नगर वासियों को प्राप्त होने जा रहा है। चातुर्मास कलश स्थापना का मुख्य कार्यक्रम 25 जुलाई को जैन धर्मशाला में आयोजित होगा। प्रतिदिन प्रातः 8:15 बजे मुनि संघ के प्रवचन, प्रातः 10:30 बजे आहारचर्या, दोपहर में तत्व चर्चा, सायंकाल गुरु भक्ति सराफा जैन धर्मशाला में हो रही है। प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि प्रतिदिन आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रंखला में बुधवार को गुरुदेव को शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य विलास साखरे, भानुकुमार सेठी परिवार को प्राप्त हुआ और मंगलाचरण रेखा जैन द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कलश स्थापना के पश्चात होने वाले भक्तामर शिविर की जानकारी दी गई। शिविर में भक्तामर के समस्त काव्य 48 दिनों में एक-एक काव्य की सूक्ष्मता से विवेचना कर अर्थ, भाव एवं महत्ता स्पष्ट की जाएगी। अधिक से अधिक शिविरार्थी शिविर में भक्तामर काव्य के उच्चारण, महत्व, विशेषता का ज्ञानार्जन करने के लिए शिविर के लिए अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

मंगलवार आयोजित प्रवचन माला में पोरवाड दि.जैन समाज अध्यक्ष वीरेंद्र भट्यांण, खंडेलवाल जैन समाज अध्यक्ष दिलीप पहाडिया, नवकार नगर ट्रस्टी दीपक सेठी एवं सेठी नगर, छात्रावास ट्रस्ट प्रमुख एवं मुनि सेवा समिति अध्यक्ष विजय सेठी, अविनाश जैन, पंकज जैन महल, पंकज सेठी, सुनील जैन, प्रेमांशु चौधरी सहित समाजजन उपस्थित थे। अष्टान्हिका पर्व के दौरान जैन मंदिरों में प्रतिदिन प्रातः श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजा पाठ हो रही है। पर्व के चौथे दिन बुधवार को श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर सराफा बाजार खंडवा में श्रीजी की शांति धारा करने का सौभाग्य सुभाषचंद चौधरी परिवार को प्राप्त हुआ।